
samachar.indore@gmail.com, indoresmchr@rediffmail.com, info@indoresamachar.net, Web: www.indoresamachar.net

RNI No. 1533/57, Dak Reg.: MP/IDC/91/2024-2026 * * *




# इन्दौर समाचार

इन्दौर समाचार के पितृपुरुष स्व. श्री सुरेश सेठजी

वर्ष 85 अंक-192 | इन्दौर, बुधवार 01 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ- 12+8 मूल्य 5 रुपए

**चाणक्य नीति**

बुरे व्यक्ति और सांप में, बुरा व्यक्ति ज्यादा खतरनाक होता है। सांप तो समय आने पर डंसता है, लेकिन बुरा व्यक्ति कदम-कदम पर नुकसान पहुंचाता है।



## अयोध्या के राम मंदिर को लेकर फिर दायर हो सकती है क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की एक टिप्पणी ने अयोध्या विवाद एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। उन्होने एक इंटरव्यू में कहा था कि बाबरी मस्जिद का निर्माण ही मूल रूप से अपवित्र था। उनका कहना था कि जिस स्थान पर पहले से मस्जिद हो, वहां मस्जिद बनाना ही अपवित्र था। इसी को लेकर विवाद शुरू हो गया है और प्रोफेसर जी मोहन गोपाल ने तो राम मंदिर पर आए फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि चंद्रचूड़ के बयान के आधार पर ही क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल की जा सकती है। वहीं दूसरी तरफ चंद्रचूड़ अपने बयान पर सफाई भी दे चुके हैं। उनका कहना है कि उनके शब्दों को संदर्भ से बाहर निकालकर गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है और सुप्रीम कोर्ट का अयोध्या फैसला साक्ष्य और कानूनी सिद्धांतों पर आधारित था, न कि आस्था पर। उन्होंने यह भी कहा कि आलोचक अक्सर पूरे फैसले को नहीं पढ़ते, जो 1,000 से अधिक पृष्ठों का है। कहा जाता है कि इस फैसले की ड्राफ्टिंग खुद चंद्रचूड़ ने ही की थी। चंद्रचूड़ के



साक्षात्कार की क्लिप्स सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रही हैं। प्रोफेसर जी. मोहन गोपाल ने कहा कि डीवाई चंद्रचूड़ के बयान में वह बात कही गई है, जो फैसले में ही नहीं है। ऐसे में इसके आधार पर पुनर्विचार याचिका दाखिल की जा सकती है। 2019 में 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने राम मंदिर केस में फैसला सुनाया था। इस बेंच में तत्कालीन चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस एसए बोबडे, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस अब्दुल नजीर शामिल थे। बेंच ने कहा था कि मुस्लिम पक्ष यह साबित करने में असफल रहा है कि बाबरी मस्जिद वाले स्थान पर उनका कोई निर्बाध मालिकाना हक रहा है। इसके साथ ही मंदिर निर्माण के पक्ष में फैसला दिया गया और अब राम मंदिर का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। राम मंदिर पर आए फैसले में यह भी स्पष्ट रूप से दर्ज किया गया कि बाबरी मस्जिद के निर्माण के लिए मंदिर को तोड़ने का कोई प्रमाण नहीं है। प्रोफेसर जी मोहन गोपाल ने चंद्रचूड़ की टिप्पणी के जवाब में कहा कि अब अयोध्या का फैसला दूषित हो गया है।

### बिहार में SIR की फाइनल लिस्ट जारी: पहले ड्राफ्ट में

## 65 लाख लोगों के नाम कटे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) की फाइनल लिस्ट मंगलवार को जारी कर दी है। इस फाइनल लिस्ट में करीब 7.3 करोड़ मतदाताओं के शामिल होने का अनुमान है। करीब 14 लाख नए वोटरों के नाम भी जुड़ सकते हैं। EC के अनुसार, स्ढ्ढक्र की प्रक्रिया जून 2025 से शुरू की गई थी। इसमें 7.89 करोड़ रजिस्टर्ड वोटर्स से दोबारा फॉर्म भरवाए गए थे। इसके बाद 1 अगस्त को लिस्ट जारी की गई, जिसमें 65 लाख वोटर्स के नाम काट दिए गए थे। ये 65 लाख लोग ऐसे वोटर्स हैं, जो मर चुके हैं या स्थायी रूप से बाहर चले गए हैं। इनमें से कुछ लोग ऐसे भी थे, जिनके पास 2 वोटर आईडी थे। फाइनल लिस्ट जारी होने के साथ ही चुनावी तैयारियां और तेज हो जाएंगी।



### 24 जून 2025 से शुरू हुई SIR प्रक्रिया

बिहार में 2003 के बाद पहली बार SIR प्रक्रिया चली। इसे 24 जून 2025 को शुरू किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य था, फर्जी जैसे विदेशी नागरिकों, दोहराए गए और स्थानांतरित मतदाताओं को सूची से हटाना और नए योग्य मतदाताओं को जोड़ना। इसके तहत 7.24 करोड़ मतदाताओं से फॉर्म लिए गए। स्ढ्ढक्र का पहला फेज 25 जुलाई 2025 तक पूरा किया गया, जिसमें 99.8% कवरेज हासिल की गई। आंकड़ों के अनुसार, 22 लाख मतदाताओं की मौत हो चुकी है। 36 लाख मतदाता अपने घरों पर नहीं मिले। 7 लाख लोग किसी नई जगह स्थायी निवासी बन चुके हैं।

### SC ने आधार को 12वां दस्तावेज मानने के दिए आदेश

बिहार के SIR में शुरुआत में 11 दस्तावेज मान्य किए गए थे, लेकिन 8 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद आधार नंबर को 12वां दस्तावेज माना गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, आधार पहचान का प्रमाण पत्र है, नागरिकता का नहीं। कोर्ट ने चुनाव आयोग को आदेश दिया था कि वोटर की पहचान के लिए आधार को 12वें दस्तावेज के तौर पर माना जाए।

## महाराष्ट्र के 3 हजार से ज्यादा गांवों में बाढ़

### इस मानसून सीजन 104 लोगों की मौत; दिल्ली में 5 फ्लाइट डायवर्ट

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के आठ जिलों में 3,050 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। 1 जून से 29 सितंबर तक बारिश-बाढ़ के कारण 104 लोगों की मौत हो गई है। नांदेड़ में सबसे ज्यादा 28 लोगों की मौत हुई। इसके अलावा संभाजीनगर, बीड, हिंगोली, जालना, धाराशिव, परभणी और लातूर में लोगों की जान गई।



मराठवाड़ा में 2,701 किलोमीटर सड़कें टूट गईं और 1,504 पुल क्षतिग्रस्त हैं। 1,064 स्कूल, 352 केंद्र और 58 सरकारी बिल्डिंग को भी नुकसान पहुंचा। बारिश-बाढ़ को देखते हुए महाराष्ट्र बोर्ड ने 12वीं क्लास के एग्जाम फॉर्म भरने की तारीख 30 सितंबर से बढ़ाकर 20 अक्टूबर की है। इधर, मंगलवार दोपहर दिल्ली-ह्ष्टक्र में तेज बारिश हुई। खराब मौसम के कारण दिल्ली एयरपोर्ट लैंड होने वाले 5 फ्लाइट जयपुर डायवर्ट की गईं। सभी फ्लाइट दोपहर 12.15 बजे से 12.30 बजे के बीच डायवर्ट की गईं। इंडिगो, एयर इंडिया और स्पाइसजेट की दूसरी फ्लाइट भी प्रभावित हुई हैं। उत्तर प्रदेश के 20 शहरों में मंगलवार सुबह से भारी बारिश हो रही है। मथुरा में घरों में नाले का पानी घुस गया। मथुरा गेट थाना के सामने दो फीट से ज्यादा पानी भर गया। हापुड़ में दिल्ली रोड स्थित रामलीला मैदान में रावण और मेघनाथ के पुतले गिर गए।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसे पूर्व पीएम ओली का पासपोर्ट रद्द

**काठमांडु (एजेंसी)।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली समेत 4 लोगों के पासपोर्ट सुशीला कार्की सरकार ने रद्द कर दिए हैं। उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच भी शुरु कर दी गई है। यह कदम आयोग की सिफारिश के बाद उठाया गया। सूची में पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक, गृह सचिव गोकरणमणि दुवाड़ी, खुफिया विभाग प्रमुख हुत्राज थापा और काठमांडू के पूर्व मुख्य जिला अधिकारी छबी रिजाल शामिल हैं। उन्हें काठमांडू छोड़ने के लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के खिलाफ व्यापक आक्रोश के बीच 8 सितंबर को जेन-जेड का विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ।

## करूर भगदड़: विजय बोले- सीएम स्टालिन बदला ले रहे

**तमिलनाडु (एजेंसी)।** तमिलनाडु के करूर में भगदड़ के 2 दिन बाद एक्टर विजय थलपति ने मंगलवार को कहा, क्या CM स्टालिन बदला लेने की कोशिश कर रहे हैं।



हमने कुछ गलत नहीं किया। अगर बदला लेना है तो मेरे पास आओ। मैं घर में मिलूंगा या ऑफिस में। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी के पदाधिकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मैं ष्टरू से अपील करता हूं कि कृपया मेरी पार्टी के पदाधिकारियों को नुकसान न पहुंचाएं। विजय ने कहा, जल्द ही, हर सच्चाई सामने आ जाएगी। मुझे इस घटना पर खेद है। हम राजनीतिक यात्रा पर हैं। इस पर हम मजबूती और हिम्मत से आगे बढ़ेंगे।÷ तमिल एक्टर विजय की पॉलिटिकल पार्टी TVK की चुनावी रैली में 27 सितंबर का शाम भगदड़ मची थी। इसमें 41 लोग मारे गए थे। घायल 51 लोग ICU में भर्ती हैं। TVK के 2 कार्यकर्ता गिरफ्तार, कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा। तमिलनाडु पुलिस ने इस मामले में अब तक 3 लोगों को अरेस्ट किया है। इनमें TVK के जिला सचिव वीपी माथिय्यालगन और पदाधिकारी पौनराज और एक पत्रकार शामिल है। मंगलवार को कोर्ट ने पौनराज और माथिय्यालगन को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पौनराज पर भगदड़ केस के मुख्य आरोपी माथिय्यालगन को शरण देने का आरोप है। यूट्यूबर और पत्रकार फेलिक्स गेराल्ड को मंगलवार सुबह अरेस्ट किया गया।

### ईडी द्वारा 15.41 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को बताया कि उसने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े एक बड़े धोखाधड़ी मामले में 15.41 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां कुर्क की है। ईडी के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई रांची अंचल कार्यालय द्वारा शुरू की गयी। ईडी द्वारा कुर्क की गयी 10 अचल संपत्तियां कोलकाता और हावड़ा में स्थित हैं। ये संपत्तियां बड़े पैमाने पर जीएसटी धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड अमित गुप्ता और उसके सहयोगियों की हैं।



## सुशांत सिंह केस में रिया चक्रवर्ती को बड़ी राहत

**मुंबई।** रिया चक्रवर्ती को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को एक्ट्रेस का पासपोर्ट लौटाने का निर्देश दिया है। कोर्ट का यह फैसला रिया के लिए एक बड़ी राहत है, जिन्हें अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद साल 2020 में ड्रग्स मामले में गिरफ्तार किया गया था और अगले महीने उन्हें जमानत दे दी गई थी। इस शर्त के साथ कि वह अपना पासपोर्ट एनसीबी के पास जमा करें। वकील



अयाज खान के जरिए दायर अपनी नई एप्लीकेशन में, उन्होंने दलील दी कि इस शर्त के कारण उन्हें काम में देरी हुई और कई प्रोजेक्ट्स मिस हुए हैं। खान ने कहा कि रिया ने जमानत की सभी शर्तों का पालन किया और कभी भी कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन नहीं किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके पेशे के चलते शूटिंग, ऑडिशन और मीटिंग के लिए उन्हें अक्सर विदेश जाना पड़ता है।

### इज़रायल ने गाजा में 140 से अधिक ठिकानों पर हमले का किया दावा

**यरूशलम, (एजेंसी)।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को दावा किया कि उसकी वायु सेना ने पिछले 24 घंटों में गाजा पट्टी में 140 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। आईडीएफ ने कहा कि ये आतंकवादी लक्ष्य थे, जिनमें आतंकवादी प्रकोष्ठ, सैन्य भवन, टैंक रोधी चौकियां और अन्य अवसंरचना शामिल थी।

## प्रधानमंत्री ने लद्दाख के लोगों से धोखा किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा, PM मोदी ने लद्दाख के लोगों के साथ धोखा किया है। लेह में पुलिस गोलीबारी में 4 प्रदर्शनकारियों की मौत की निष्पक्ष न्यायिक जांच की जाए। इनमें कारगिल युद्ध में शामिल त्सावांग थारचिन भी शामिल थे। उन्होंने X पर थारचिन के पिता का वीडियो पोस्ट किया। राहुल ने हिंदी में अपने पोस्ट में कहा- पिता की दर्द भरी आंखें एक सवाल पूछती हैं, क्या आज देश सेवा का यही इनाम है।



हिंसा और भय की राजनीति बंद करें। वहीं, गृह मंत्रालय ने मंगलवार को लद्दाख के लेह जिले में 3 अक्टूबर तक मोबाइल इंटरनेट और सार्वजनिक वाई-फाई सेवाओं को पूरी तरह से बंद करने का आदेश दिया। यहां सुबह 10 से शाम 7 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है।

## धमाके से दहला क्वेटा, 10 लोगों की मौत

### धमाका इतना ताकतवर था कि कई मील तक आवाज सुनाई दी

**क्वेटा, (एजेंसी)।** पाकिस्तान में अलग बलूचिस्तान की मांग को लेकर एक तरफ बलूचों का आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ धमाके से क्वेटा दहल गया है।



शहर के पिसीन स्टॉप के करीब मंगलवार सुबह जोरदार धमाका हुआ, धमाके के बाद कुछ देर तक गोलीबारी की घटना सामने आई। शुरुआती जानकारी में सामने आया हैं कि धमाके में फेडरल कैपिटल (एफसी) की एक गाड़ी को निशाना बनाया गया, इसमें 4 जवान शहीद हुए और 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। मौजूदा जानकारी के अनुसार इस धमाके में 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि 30 लोग घायल हुए हैं। घायलों को तुरंत सीएमएच क्वेटा (कमांड मिलिट्री हॉस्पिटल) ले जाया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, धमाका सिर्फ गाड़ी को नहीं, बल्कि बम निरोधक दस्ते को भी निशाना बनाने की कोशिश थी। पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। क्वेटा के लोगों ने बताया कि यह धमाका इतना ताकतवर था कि कई मील तक इसकी आवाज सुनाई दी। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हालात फिर बेकाबू हो गए हैं। बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में बड़ा बम धमाका हुआ, इससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है।

## वांगचुक और कार्यकर्ताओं को बिना शर्त रिहा करें तभी बातचीत संभव

### एलएबी ने चार प्रदर्शनकारियों की मौत के बाद अपनाया कड़ा रुख

**लेह (एजेंसी)।** लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संवैधानिक सुरक्षा उपाय करने की मांग को लेकर आंदोलन जारी है। इसका नेतृत्व कर रहे लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) ने पुलिस गोलीबारी की न्यायिक जांच शुरू होने और सोनम वांगचुक समेत सभी कार्यकर्ताओं को बिना शर्त रिहा करने तक बातचीत में शामिल नहीं होने की घोषणा की। एलएबी के अध्यक्ष थुपस्तान छेवांग और सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने कहा कि बातचीत फिर से शुरू करने से पहले लद्दाख में अनुकूल माहौल की बहाली जरुरी है। एलएबी ने 4 प्रदर्शनकारियों की मौत के बाद अपना रुख कड़ा कर लिया है। एलएबी ने कहा कि अगर सरकार सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में न्यायिक जांच का आदेश देने और सभी कैदियों को रिहा करने की मांगें मान लेती है तो वह बैठक में शामिल नहीं होने के अपने फैसले पर विचार करेगी और 6 अक्टूबर को वार्ता में शामिल होगी। दोनों नेताओं ने कहा कि हम गृह मंत्रालय और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से आग्रह करेंगे कि वे वहां व्याप्त भय, गम और आक्रोश के माहौल को दूर करने के लिए कदम उठाएं।

